पथ निर्माण विभाग

दिनांक–21/04/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही ।

पथ प्रमंडल, सोनपुर के अन्तर्गत Construction of Parsa Bypass Road in Chapra District (Total Length-7.70 Km.) for the year 2023-24 (Under CRF) कार्य के समयवृद्धि का प्रस्ताव जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति :

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2802(अनु०) दिनांक–01.09.2025 के द्वारा विषयांकित कार्य के समयवृद्धि स्वीकृति हेतु प्राप्त दिनांक–27.08.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विहित प्रपत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम	:	Construction of Parsa Bypass Road in Chapra District (Total Length-7.70 Km.) for the year 2023-24 (Under CRF)
2.2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग :–	:	₹8524.19 लाख। विभागीय पत्रांक–5060(एस०) दिनांक–30.09.2022
2.3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग :–	:	₹9251.90 लाख। मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–459(अनु०) दिनांक–20.10.2023
2.4	एकरारनामा संख्या	:	02/SBD/2024-25
2.5	एकरारनामा की राशि	:	₹30,30,60,973.00
2.6	संवेदक का नाम	:	M/s Sunny Engineering Works
2.7	एकरारनामा के अनुसार कार्यारम्भ की तिथि :–	:	28.02.2024
2.8	एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि :–	:	27.08.2025
2.9	मांग की गई समयवृद्धि की तिथि	:	24.02.2027

3. **समयवृद्धि का कारण :-**

(i) **भूमि अधिग्रहण पूर्ण नहीं होने के कारण विलम्बः-** कार्यपालक अभियंता द्वारा सूचित किया गया है कि परसा बाईपास पथ पूर्णतः ग्रीनफील्ड से होकर गुजरता है, जिसमें 100 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण किया जाना है। जमीन अधिग्रहण पूर्ण नहीं होने के कारण कार्य बाधित है। परसा बाईपास निर्माण में कुल अधिग्रहित की जाने वाली भूमि 56.7836 एकड़ है, जिसमें से 12.2546 एकड़ सरकारी भूमि का दखल दहानी प्राप्त है एवं शेष भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है। भूमि अधिग्रहण में विलम्ब के कारण ससमय निर्माण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिस हेतु संवेदक द्वारा दिनांक-24.02.2027 तक समयवृद्धि की माँग की गई है, जिसकी अनुशंसा कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता द्वारा की गई है।

4. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का अनुशंसा :-**

कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के अनुशंसा के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् सर्वसममति से विषयांकित कार्य में दिनांक-24.02.2027 तक समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त्त के साथ प्रदान करने की अनुशंसा की जाती है कि विस्तारित अवधि में संवेदक को Price Escalation का लाभ एवं कोई अन्य वित्तीय दावा मान्य नहीं होगा, परन्तु यदि विस्तारित अवधि का Price Index एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि से कम हो तो Price Neutralization हेतु विस्तारित अवधि का Price Index लागू होगा।

5. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णय</u> :–

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2802(अनु०) दिनांक–01.09.2025 द्वारा प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में पथ प्रमंडल, सोनपुर के अन्तर्गत **Construction of Parsa Bypass Road in Chapra District (Total Length-7.70 Km.) for the year 2023-24 (Under CRF)** (एकरारनामा संख्या–**02/SBD/2024-25**) हेतु दिनांक–24.02.2027 तक समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त्त के साथ प्रदान की जाती है कि संवेदक से पूरक एकरारनामा करा लिया जायेगा कि विस्तारित अवधि में संवेदक को **Price Escalation** का लाभ एवं कोई अन्य वित्तीय दावा मान्य नहीं होगा, परन्तु यदि विस्तारित अवधि का **Price Index/Rate** एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि से कम हो तो **Price Neutralization** हेतु विस्तारित अवधि का **Price Index/Rate** लागू होगा।

5.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

21/04/26
(मजीद अहमद)
आन्तरिक
वित्तीय सलाहकार
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

21/04/26
(सुनील कुमार सुमन)
मुख्य अभियंता,
उत्तर,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

21/04/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–प्र०–7/विविध(स०वृ०)–04–72/2025 2695(E) पटना, दिनांक 21/4/26

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सोनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/04/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।